हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 29.6 डिग्री

न्यूनतम 11.6 डिग्री



10 राउंड टेबल ने किंडरजॉय फेस्ट से जुटाई धनराशि



11 नुक्कड़ नाटक कर साइबर क्राइम और नशा उन्मूलन का दिया संदेश




हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

सामान्य कूपन 27 दिसम्बर 2023

कूपन नं. 16


## राज्य के विकास में हल्बा समाज की भी प्रमुख भूमिकाः सांसद बघेल

**हल्बा आदिवासी समाज के एकता का पर्व शक्ति दिवस समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग ने मंगलवार को एकता का पर्व शक्ति दिवस मनाया। शक्ति भवन आशीष नगर ( पश्चिम ) सड़क 5 रिसाली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे।

विशेष अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित रहे। सांसद बघेल ने कहा कि हल्बा आदिवासी समाज प्रदेश व देश की विकास में मुख्य भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं से समाज को लाभान्वित करने की दिशा में अग्रसर होने बात कहीं। विधायक ललित चंद्राकर और विधायक गजेंद्र यादव ने समाज को आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।





### अध्यक्ष मंथीर ने किया सामाजिक ध्वजारोहण

मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण के साथ शक्ति महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे मे जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों का आगमन हुआ और स्वागत किया गया। समाज अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, व्यवसाय और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम चलाने के लिए सामाजिक पदाधिकारियों को अग्रसर होने की बात कही। समाज के विकास से ही राज्य व देश का भी विकास निहित है।

### सकारात्मक सोच आदिवासी समाज की पहचान

समारोह के अतिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र माहला अध्यक्ष 36 गढ़ केन्द्रीय महासभा, आर एस नायक अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ, गोविन्द चुरेंद्र आईएएस, संतोष देवहरे निदेशक दूरदर्शन, उमेश धलेन्द्र मुख्य अभियंता, डॉ बी एस बड़ई ब्लॉक चिकित्साअधिकारी और शोभराय ठाकुर पूर्व महासचिव मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि समाज की एकता और संगठन को बनाए रखना जरूरी है। हमारे समाज की परंपरा को आज के परिवेश में संचित करके रखें। हल्बा समाज प्रदेश एवं देश भर में हल्बा आदिवासी समाज के नाम से अपना-अलग पहचान है। आप सभी के परस्पर संगठनात्मक, दृढ़ संकल्प, सहजता, सरलता और सकारात्मक सोच हमारे समाज की पहचान है। विशिष्ट अतिथियों ने भी सम्बोधित किया गया।



**इन पुरखों का हुआ सम्मानः** शक्ति दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग को संगठित करने, सामाजिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए आधार स्तंभ रह दिवंगत पदाधिकारियों एवं सदस्यों जिसमें स्व. राम ठाकुर, स्व. शिवलाल उर्वशा, स्व. महादेव भूआर्य, स्व. लेमनसिंह ठाकुर, स्व. गोपाल कृष्ण ठाकुर, स्व. अघनू राम ठाकुर, स्व. प्रभु राम ठाकुर, स्व. हरी प्रसाद भोयर, स्व. टेकु राम ठाकुर, स्व. विभीषण ठाकुर और स्व. लतेल माहला के परिजनों को पुरखा सम्मान एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। मलेश गाँवरे, दशरथ राणा, राजेन्द्र माहला, ढाल सिंह मारगिया, आशा भूआर्य, सी बी ठाकुर, लीलाधर साहू को उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान दिया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई

मातृ शक्तियों, युवा शक्तियों के द्वारा अरपा पैरी के धार, मोर रुनझुन पैरी बाजे, तोर खुमरी में कलगी, मै महतारी माटी आँव जैसे गीत, लोक संस्कृति और एकल नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुति किया गया। श्री जय राम कोसमा द्वारा अखिल भारतीय हल्बा, हलबी आदिवासी समाज 36 गढ़ केंद्रीय महासभा का सामाजिक पत्रिका बिहाव मड़व एवं केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के समाज सामाजिक पत्रिका का विमोचन किया गया। अन्य अतिथि व सामाजिक पदाधिकारियों में ईश्वरभंडारी, मदन करभाल, भूषण गाँवरे, छन्नू भूआर्य, करन मानकर, भूपत भूआर्य, सयतु तारम, लेमन चुरेंद्र, खोम लाल सहारे, दिनेशठाकुर, मिथलेश प्रधान आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी कुमुड़कट्टा में चिकित्सा शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के सीएसआर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कुमुड़कट्टा में आयोजित चिकित्सा षिविर में 101 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। इसमें 16 पुरूष, 39 महिलाएं तथा 46 बच्चे शामिल थे। शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

### पेंशनर्स करेंगे विधायक कोर्सेवाड़ा का सम्मान

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के आजीवन सदस्य डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के अहिवारा विधान सभा से विधायक निर्वाचन पर महासंघ की दुर्ग जिला इकाई द्वारा सम्मान कार्यक्रम 28 दिसंबर को शाम 4 बजे केसरी हनुमान मंदिर मीनाक्षीनगर दुर्ग में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में वीरेंद्र नामदेव प्रांताध्यक्ष तथा प्रांतीय पदधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। महासंघ दुर्ग जिला अध्यक्ष बीके वर्मा ने पेंशनरों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बाल दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली



**भिलाई ।** शासकीय हाई स्कूल मिडिल स्कूल और प्रायमरी स्कूल झाड़मोखली के तत्वावाधान में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रैली निकाली। बाल दिवस की महत्ता पर लेक्चरर रविकांत कोसले, समन्वयक जैकी वर्मा और प्रधान पाठक केशव वर्मा व्याख्यान दिया। उन्होंने लोगों से देश व समाज के विकास के लिए विद्यार्थियों को नवाचार व संस्कार देने का आव्हान किया। शौर्य और नैतिक गुणों से ही देश के विकास पर जोर दिया। गांव में बच्चों की रैली आकर्षक का केंद्र बनी रही। बच्चे देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। प्राचार्य अनुपम घोष, लेक्चरर डां. सत्यभामा देशमुख, रामकृष्ण ताम्रकार, विष्णुप्रसाद कौशिक भारती यादव आदि मौजूद थे।

**बदलाव का असर : निगम की आय बढ़ाने की तैयारी को झटका**

## धनोरा व उमरपोटी को रिसाली निगम में शामिल करने का प्रस्ताव अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम से लगे धनोरा व उमरपोटी को रिसाली निगम में शामिल करने का प्रस्ताव अब अधर में लटक गया है। निगम की आय बढ़ाने के लिए यह प्रस्ताव एमआईसी ने लिया था। कांग्रेस शासनकाल में दुर्ग ग्रामीण के तत्कालीन विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने निगम में इस दोनों गांव को शामिल कर विकास करने की तैयारी की थी। इसके लिए उन्होने निगम की सामान्य सभा में प्रस्ताव करवाया था। प्रस्ताव नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा गया है। इस क्षेत्र के विधायक अब ललित चंद्राकर हैं। इसलिए अब क्षेत्रवासियों को उनसे उम्मीदें लगी है।



हरिभूमि सरोकार

चंद्रनगर उमरपोटी में इस तरह हाल है सड़कों का।

### निगम आय बढ़ाने सीमा क्षेत्र को बढ़ाता

उमरपोटी और धनोरा ग्राम पंचायत को रिसाली निगम में शामिल करने का मुख्य मकसद निगम की आय बढ़ाना है। दोनों की गांव रिसाली निगम से जुड़े हुए हैं। इसलिए निगम सीमा क्षेत्र बढ़ाती। रिसाली निगम गठन के पहले भी उमरपोटी और धनोरा ग्राम पंचायत को शामिल करने की कोशिश की गई थी। रिसाली निगम उमरपोटी और धनोरा ग्राम पंचायत को समाहित करने से यहां की 11 हजार 400 आबादी निगम के दायरे में आ जाएगी और विकास कार्य से कोसों दूर यह गांव विकास की ओर अग्रसर होती।

**इस तरह है दोनों ग्राम पंचायतों की मौजूदा स्थिति**

### ग्राम पंचायत उमरपोटी

इस ग्राम पंचायत की आबादी करीब 4400 है। रिसाली निगम और उमरपोटी पंचायत क्षेत्र के बीच केवल सड़क ही फासला है। यानी सड़क के एक पार रिसाली निगम के वार्ड हैं तो दूसरी पार ग्राम पंचायत की कालोनियां हैं। इन कालोनियों में कच्ची सड़कें हैं। नाली नहीं है। बिजली और पेयजल जैसी समस्या बनी रहती है। बारिश में लोगों का चलना मुश्किल हो जाता है। सुदूर गांव से ही बदतर स्थिति में लोग रहने मजबूर है।

### ग्राम पंचायत धनोरा

इस ग्राम पंचायत की आबादी यूं तो रिकार्ड में 5600 की है लेकिन रिसाली निगम से जुड़े होने की वजह से इतना ज्यादा डिमांड बढ़ी कि अब 7 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। पटरीपार के इस पार रिसाली निगम का क्षेत्र है तो उस पार धनोरा ग्राम पंचायत शुरू हो जाता है। यहां जमीन का कारोबार ऐसा बढ़ा कि 20 नए नगर बस गए हैं। इस गांव में मुख्य मार्ग का विकास तो हो गया है लेकिन भीतरी गलियों में बुनियादी सुविधाएं नहीं है। सड़क, नाली, बिजली, पेयजल की समस्या खुद ही लोग हल करते हैं।

### महापौर की अध्यक्षता में लगी थी मुहर

राजस्व विभाग प्रभारी चन्द्रप्रकाश सिंह निगम व सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने धनोरा के अलावा उमरपोटी पंचायत को भी निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया। जिसे महापौर शशि सन्हिा की अध्यक्षता वाली परिषद ने सर्व सम्मति से पारित किया था और राज्य को भेजा गया है।

**दोनों पंचायतों में है 20-20 वार्ड**

### उमरपोटी पंचायत

इस ग्राम पंचायत के अंतर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, कबीर नगर, वेदांत नगर, राजेंद्र विहार, सहित कई नगर हैं। यहां के वार्ड क्रमांक 1,2,3,4 और 5 में सबसे ज्यादा नई कालोनियां बनी हुई है। शेष वार्ड क्रमांक 6 से 20 तक गांव तक गई है।

### धनोरा ग्राम पंचायत

इस ग्राम पंचायत के अंतर्गत मन्नम नगर, रोहणीपुरम, रामनगर, मारूतिनगर, सरोजनीनगर, आनंदनगर, द्वारिकानगर, शांतिनगर, न्यू शक्तिनगर, शंकुतला नगर, प्रयागनगर सहित 20 वार्ड आते हैं। इन वार्डों में विकास के लिए ग्राम पंचायत में फंड का अभाव रहा है।

### दो पंचायतों के बाद रिसाली निगम का यह स्वरूप

नवगठित रिसाली निगम ने ग्राम पंचायत धनोरा व उमरपोटी को निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया है। रिसाली नगर निगम भिलाई के 14 वार्डों को पृथक कर बनाया गया है। इसमें भिलाई टाउनशिप भी शामिल है। वर्तमान में रिसाली निगम में 30 वार्ड हैं। दोनों ग्राम पंचायतों को शामिल करने के बाद 50 से ज्यादा वार्ड हो जाएंगे। इससे ग्राम पंचायत धनोरा और उमरपोटी का क्षेत्र विकसित होगा और लोगों को बुनियादी सुविधाएं निगम से मुहैय्या हो सकेगी।

### रिसाली निगम को यह हो रही दक्कित

**1 निगम की टैक्स की बढ़ोतरी नहीं**

रिसाली निगम में धनोरा और उमरपोटी ग्राम पंचायत के शामिल किए जाने से सबसे बड़ा फायदा टैक्स का होगा। रिसाली निगम को दोनों पंचायतों से बड़ी रकम टैक्स के रूप में मिलेगा। वर्तमान में टैक्स की बढ़ोतरी नहीं हो पा रही।

**2 करोड़ों के प्रोजेक्ट पर कार्य नहीं**

घनी आबादी और इस्पात संयंत्र के आधिपत्य वाली भूमि होने की वजह से शासन से स्वीकृत बड़े प्रोजेक्ट अधर में है। इसे ध्यान रखते हुए जिला प्रशासन से आए पत्र को आधार बनाते हुए यह प्रस्ताव लिया गया।

**पुलिस ने मारा ठिकानों पर छापा**

## पुलिस को गैंगस्टर तपन की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



खुर्सीपार निवासी शुभम राजपूत हत्याकांड में पुलिस ने प्रदेश के बहुचर्चित गैंगस्टर तपन सरकार की खोज में जुट गई है। तपन को गिरफ्तार करने पुलिस ने बीती रात उसके घर में छापा मारा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। विधानसभा चुनाव के दरमियान सारेआम चुनाव प्रचार करते हुए तपन सरकार ने पुलिस व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी थी। शुभम हत्याकांड मामले में पुलिस ने चुनाव प्रचार के दौरान तपन को फरार बताते हुए कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया था। गौरतलब हो कि 8 मार्च को वार्ड 43 खुर्सीपार निवासी सेवक निषाद होली के दिन अपने घर के लिए चिकन के लिए मसाल लेने अन्ना दुकान जा रहा था। तभी मोहल्ले का शुभम राजपूत रास्ते में मिला और शराब पीने के लिए सेवक से रुपए का डिमांड करने लगा। इस दौरान सेवक ने उसे रुपए देने से इंकार कर दिया। फिर शुभम ने आक्रोश में आकर मारपीट करने लगा। तभी मृतक का कटर जमीन पर गिर पड़ा जिसे उठाकर सेवक ने शुभम पर चला दिया।

### लेन-देन को लेकर हुई थी घटना

जिससे शुभम की मौत हो गई। इस हत्याकांड के बाद पुलिस विवेचना में गैंगस्टर तपन सरकार व उसके कुछ अन्य सहयोगियों का नाम भी सामने आया था। लेकिन खुर्सीपार पुलिस राजनीतिक दबाव में तपन पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। जानकारी के अनुसार शुभम राजपूत गैंगस्टर तपन सरकार के लिए वसूली का काम करता था। होली के दिन लेन-देन को लेकर घटना हुई थी। पुलिस जांच में भी तपन सरकार की भूमिका संदिग्ध थी।

### तपन से जुड़े लोगों पर पुलिस की नजर

एएसपी अभिषेक झा ने मीडिया को दिए बयान में बताया कि गैंगस्टर तपन सरकार फरार चल रहा है। तपन सरकार की पतासाजी में उसके घर छापेमारी की गई थी। अपराधियों के खिलाफ दुर्ग पुलिस सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। तपन से जुड़े लोगों पर भी दुर्ग पुलिस की नजर बराबर जमी हुई है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस कल नागपुर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कांग्रेस 28 दिसंबर को अपना 139वां स्थापना दिवस समारोह नागपुर में आयोजति करने जा रही है। इस अवसर पर पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन भी करेगी, जिसमें पार्टी के सभी सीनियर नेता शिरकत करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। इसमें करीब 10 लाख से ज्यादा लोगों के शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 दिसंबर को 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली आयोजित करेगी। जिसमें अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी लोगों को संबोधित करेंगे। रैली में छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बेज, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित वरिष्ठ नेता भी शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि नागपुर की रैली के माध्यम से कांग्रेस लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी।जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 138 वर्ष पूर्ण होने पर तथा 139 वां स्थापना दिवस के अवसर पर । है तैयार हम। राष्ट्रीय रैली का आयोजन 28 दिसंबर को ढिंगोरी नाका, नागपुर में है जिसमे सभी कांग्रेसजनों से उपस्थित होने की अपील की।


■ छत्तीसगढ़ से हजारों कांग्रेसी होंगे रवाना

## इलेक्ट्रानिक तौल में सेटिंग, कम चावल बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोड़ेगांव की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में मंगलवार को गड़बड़ी उजागर हुआ। दुकानदार ने इलेक्ट्रानिक कांटे में ही कम की सेटिंग कर रखी थी।। शिकायत की जांच खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक दीपा वर्मा व नापतौल विभाग के निरीक्षक ओमेश्वरी जांगड़े ने की और इलेक्ट्रानिक कांटे में छेड़छाड़ करना पाया। मां गायत्री महिला स्वसहायता समूह इस राशन दुकान का संचालन करती है।

**बोड़ेगांव की राशन दुकान में गड़बड़ी**



### दुकान निलंबित करने की मांग

उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों को कम चावल देना उजागर होने के बाद सरपंच व ग्रामीणों ने दुकान को निलंबित करने की मांग की है। उन्होने कहा है कि दुकान में 30 किलो चावल लेने पर 3 किलो कम चावल दिया जाता था। सरपंच प्रतिभा देवांगन, रविप्रकाश ताम्रकार, अरविंद दास, बिसहत राम सहित ग्रामीणों ने यह मांग रखी।

### मानक बाट रखकर की जांच

अधिकारियों ने शिकायत की जांच मानक बाट रखकर की।तौल संबंधी जांच में 5 किलोग्राम तथा 7.350 किलोग्राम का मानक बाट रखने पर 5.335 किलोग्राम व 7.835 किलोग्राम प्रदर्शित हुई। यानी 335 और 485 ग्राम कम राशन प्रदायगी आई। अधिकारियों ने अपने पंचनामे में इसे विधिक माप विज्ञान अधिनियम की धारा 12 का उल्लंघन तथा सहपठित धारा 30 के तहत दंडनीय माना है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में आवास के लिए निकाली जायेगी लॉटरी**

## कल्याणकारी योजनाओं के लिए 1387 लोगों ने भरे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को कुरूद बाजार मंच एवं सूर्यकुण्ड परिसर में आयोजित शिविर में सांसद विजय बघेल, पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं में भरे जा रहे आवेदनों की जानकारी प्राप्त कर लोगों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किये। उपस्थित नागरिकों ने भारत को विकसित एवं समृद्व राष्ट्र बनाने का संकल्प लिये। निगम भिलाई द्वारा शासन के आदेश पर विभिन्न क्षेत्र में लगाये जा रहे शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास, जिला स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, आयुष्मान कार्ड आदि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल लगाये जा रहे है। मंगलवार को 7138 नागरिको ने शिविर स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर 1387 लोगों ने योजनाओ के फार्म भरे।



### हितग्राहियों ने सराहा

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में रेखा बाई साहू, संगीता पाण्डेय, हेमलता देवराम को गैस किट प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना गोद भराई के तहत प्रेमलता, अनुपमा, जागृति, शुभागंनी को, उसी प्रकार स्वस्थ शिशु के इस्निजा भारती, जयश्री, अभिषेक को तथा स्वनिधि योजना में तारा चंद गिरी, तारा कावले, डी साममूर्ति को सांसद विजय बघेल ने प्रमाण पत्र तथा पोषण आहार किट प्रदान किये।

### निकाली जायेगी लॉटरी

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय तथा सांस्कृतिक भवन दुर्गा पारा में आयोजित किया गया है। वार्ड क्रं. 32 बैकुण्ठधाम स्वास्थ्य कार्यालय के शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) किफायती आवास "मोर मकान-मोर आस" एवं "मोर मकान-मोर चिन्हारी' घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किया गया है। ऐसे हितग्राहियो को आवास आबंटन के लिए लॉटरी निकाली जायेगी। शिविर में आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रिजेश बिजपुरिया, निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, नोहर वर्मा, चंदेश्वरी बांधे, विजय शुक्ला, विजय जायसवाल, तुलसी साहू, प्रदीप सिंह, शारदा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### सिंटर उत्पादन का रचा दैनिक कीर्तिमान

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट ने 24 दिसंबर 2023 को सर्वश्रेष्ठ सिंटर उत्पादन का नया दैनिक कीर्तिमान बनाने में कामयाबी हासिल की। सिंटर प्लांट ने 27,287 टन उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए 23 अक्टूबर 2023 को दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ दैनिक निष्पादन रिकॉर्ड 27,049 टन को पीछे छोड़ा। सीजीएम अनुप कुमार दत्ता के महाप्रबंधक प्रभारी, एमआरके शरीफ और जीएम जगेंद्र कुमार के नेतृत्व में कीर्तिमान हासिल हुआ।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

खबर संक्षेप



## आचारी को बेस्ट एमएसएमई एवार्ड

**भिलाई।** साउदर्न वेइंग इंस्ट्रूमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन वी विश्वनाथन आचारी को इंडिया 5000 बेस्ट एमएसएमई (सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम) एवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह एवार्ड मुंबई में बेंचमार्क ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में दिया गया। यह एवार्ड गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता, उपभोक्ता संतुष्टि, सेवा तथा प्रबंधन के जरिये समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने और सभी को बढ़ावा देने के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। समारोह में टीक्यूवी ने नॉलेज पार्टनर तथा बीएसई एमएसई ने सपोर्टिंग पार्टनर की भूमिका निभाई थी।

विश्वनाथन आचारी इससे पहले आईआईएम, कोलकाता के विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के एक संयुक्त कार्यक्रम में स्मार्ट फिफ्टी एवार्ड से भी नवाजे जा चुके हैं। इसके अलावा उन्हें वेइंग इंस्ट्रूमेंट क्षेत्र में नवीन पद्धति लाने का श्रेय भी जाता है। उल्लेखनीय है कि विश्वनाथन आचारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 12 विशेषज्ञों की टीम के सदस्य होने के साथ-साथ प्रदेश संयोजक भी हैं। वे पिछले 22 वर्षों से पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

### सुशासन दिवस पर चलाया गया विशेष सफाई अभियान

## सफाई हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग : विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुशासन दिवस के अवसर पर निगम भिलाई का स्वास्थ्य अमला सांसद विजय बघेल, पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों की अगुवाई में वार्ड-17 नेहरू भवन में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ भारत मिशन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने लोगों को प्रेरित किए। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसम्बर से प्रारंभ सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को वार्ड 17 सुपेला में नेहरू भवन के पास निगम भिलाई द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, सभापति गिरवर बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष ब्रिजेश बिजपुरिया, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी, निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षद महेश वर्मा, नोहर वर्मा, चंदेश्वरी बांधे आयुक्त रोहित व्यास एवं आम नागरिकों ने सड़क तथा गली में झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिये। सांसद विजय बघेल ने कहा कि सफाई हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहर, गांव, कस्बे की सफाई पर विशेष जोर दिये है। हमें अपने गली मोहल्ले को साफ रखना चाहिए। कचरा खुले में तथा नाली में नहीं डालना चाहिए, स्वच्छता को हमे अपने आदत में शामिल करना होगा। सांसद बघेल ने सभी लोगों को स्वच्छता का शपथ भी दिलाए। अभियान में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा सहित विजय शुक्ला, विजय जायसवाल, तुलसी साहू, प्रदीप सिंह, शारदा गुप्ता, अंशु पाण्डेय, रूपराम साहू, दिनेश मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, शंकरलाल देवांगन, क्षेत्र के नागरिक एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए ।

## नवनिर्वाचित विधायकों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भाजपा भिलाई द्वारा भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया ने की। इस कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रूप चेमन देशमुख, दीपक साहू मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में संदीप अग्रवाल, वीरेंद्र साहू, शिव सागर मिश्रा, महेश वर्मा, मिथिला किचरिया, मनीष अग्रवाल, रेखराम बंछोर, राम कुमार राणा, अमर सोनकर, विजेंद्र सिंह, दिलीप पटेल, उपासना साहू,गीता विश्वकर्मा, निर्मला यादव, कीर्ति नायक, के गणपति, विजय जायसवाल,विजय जायसवाल हुडको, राजेंद्र सिंह, रमेश साहू,रवि कश्यप,सात्विक तिवारी, भरत भंभवानी, सौरभ साहू, अमित मिश्रा, स्वीटी कौशिक,सुंदर लाल साहू, राजू लाल नेताम, विजेंद गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव,प्रकाश गेडाम, प्रदीप चौधरी, जे पी घनघोरकर,मनोज तिवारी,दीपक रवाना, छोटेलाल चौधरी आदि मौजूद थे।

### विधायकों का हुआ सम्मान

नव निर्वाचित विधायक डोमेन लाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर, गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर, ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण का शाल व श्रीफल देकर स्वागत,सम्मान किया गया। उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने लाइन लगाकर नवनिर्वाचित विधायकों को फूल मालाओं से लाद दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह, प्रेम लाल साहू ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ मिश्रा, शंकर लाल देवागन ने अटल के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।

## अटल जयंती पर विधायक रिकेश ने विजेता बच्चों को बांटे तुलसी के पौधे



**भिलाई।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर सूर्या टीआई मॉल जुनवानी में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के आह्वान पर 10 हजार तुलसी पौधे का वितरण किया गया। इस दौरान अटलजी के जीवन पर आधारित रंगोली, पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को विधायक रिकेश सेन ने सोमवार की शाम पुरस्कृत किया। गौरतलब हो कि सूर्या टीआई मॉल में कल सुबह से रात तक हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों को तुलसी पौधे का वितरण किया गया। शाम को पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे विधायक रिकेश सेन ने भी कई परिवारों को तुलसी पौधा वितरण किया। उन्होंने कहा कि तुलसी का हमारी संस्कृति में बड़ा महत्व है, तुलसी स्वास्थ्य के लिए भी काफी उपयोगी है, इसमें ढ़ेर सारे औषधीय गुण भी हैं। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी जी का देश में अमूल्य योगदान रहा है, उनकी जयंती पर रंगोली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता में हजारों बच्चों ने भागीदारी निभाते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सभी पालकों का यह कर्तव्य भी है कि बच्चों को हमारी संस्कृति और संस्कार विषयक जानकारी दी जाए ताकि वो भी देश के महापुरुषों को जानें तथा उनके बताए मार्ग का अनुशरण करें। सूर्या टीआई मॉल में 25 दिसंबर को वृहद रूप से एक अच्छा आयोजन अटल जयंती पर किया गया जिसके लिए मॉल प्रबंधन बधाई का पात्र है।

### ढौर स्कूल में बनेंगे 8 नए कमरे

## राउंड टेबल ने किंडरजॉय फेस्ट से जुटाई धनराशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राउंड टेबल संस्थान भिलाई ने नेहरू नगर स्थित ओल्ड पार्क में किंडरजॉय फेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग और भिलाई के 2500 लोगों ने शिरकत की। ये आयोजन सभी उम्र के बच्चों के लिए किया गया। उनके मनोरंजन के लिए काफी अलग अलग इंतजाम किए गए। इसमें बच्चों के लिए भिलाई राउंड टेबल ने डांस कॉम्पीटिशन, हैंडराइटिंग एनालिसिस, एस्ट्रोलॉजर, सिंगिंग जैसे कॉम्पीटिशन कराए गए। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढौर गांव में 8 कक्षाओं का निर्माण के लिए किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 70 लाख रुपए की जरूरत होगी। इसको देखते हुए किंडरजॉय फेस्ट में भिलाई-दुर्ग के दानदाताओं ने स्कूल की जरूरत और बच्चों के भविष्य को देखते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद और समाजसेवी प्रमुख रूप से जुड़े हुए है। भिलाई राउंड टेबल ने अब तक विभिन्न स्कूलों में 80 लाख की लागत से 20 क्लास रूम का निर्माण कराया है। अब तक समोदा, नानकट्टी, कोडिया, बासिन, कोसा नगर, बापू नगर और बिरेभाट के स्कूलों में कक्षाएं बनाई गई हैं। भिलाई राउंड टेबल कक्षाओं का निर्माण करके स्कूलों की एक बुनियादी समस्या का समाधान किया जा रहा है।

## संकल्प यात्रा शिविर में लाभार्थियों को मिला ऋण



**भिलाई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को वैशाली नगर सुपेला में आयोजित किया गया। जिसमें शीतल वर्मा आईएएस, डीआईएफ सेक्रेटरी भारत सरकार द्वारा अग्रणी बैंक जिला दुर्ग और पंजाब और सिंध बैंक के स्टॉल का निरीक्षण किया गया। पीएमईजीपी, पीएमस्वनिधि, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के ऋण लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। इसमें लाभार्थियों ने बैंकों से शासकीय योजना के तहत मिली लाभ से उनके जीवन में आईं विकास और उन्नति के बारे में सबको साझा किया। कार्यक्रम में एलडीएम दिलीप नायक, सुरेंद्र वैद्य पंजाब और सिंध बैंक, बैंक के अधिकारी ज्योति कुमारी एवं डीसीओ नीलेश महादेव एवं हिमांशु शर्मा ने भाग लिया। सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न ऋणों एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।



## खबर संक्षेप



### हनुमान प्रतिमा की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**जामगांव आर।** गातापार में राम भक्त शिरोमणि हनुमान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा नवनिर्मित मंदिर में किया गया। इस अवसर पर महाप्रसाद भोजन भंडारे का लाभ भक्तों ने लिया। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विमल कुमार साहू ने कहा कि राम भक्त हनुमान जी के मंदिर के लिए काफी समय से जन मानस इंतजार कर रहे थे। इस दौरान समाजसेवी देवेंद्र साहू ने कहा कि भगवान हनुमान के बचपन से पूरे जीवन काल को सुनने से ही ऊर्जा मिलती है। मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन काफी संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंच रहे है।

## निधन

### चंदेश्वर महतो



**भिलाई।** कृपाल नगर कोहका के प्रतिष्ठित नागरिक चंदेश्वर महतो उम्र 70 वर्ष का निधन सोमवार की रात शंकरा मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान हो गया। वे संजय महतो, राजू महतो व खुशबू मंडल के पिता थे। महतो का रामनगर मुक्तिधाम में सामाजिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। महतो हरिभूमि के मार्केटिंग मैनेजर विजय मंडल के ससूर थे।

### शोभावती पांडेय



**भिलाई।** पांडेय कुंज रोड नं. 18 कैंप 1 निवासी शोभावती पांडेय का आकस्मिक निधन सोमवार की रात सेक्टर 9 में उपचार के दौरान हो गया। वे प्रमोद पांडेय व गिरगेश पांडेय की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### दिनेश कुमार तिवारी



**दुर्ग।** स्मृति नगर भिलाई निवासी दिनेश कुमार तिवारी का निधन 25 दिसंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कर 27 दिसंबर को बिलासपुर में सरकंडा मुक्तिधाम मे 1 बजे किया जायेगा। वे ममता तिवारी के पति थे।

### आयोजन : दुर्ग स्थित गुरूद्वारे में उपमुख्यमंत्री ने माथा टेका

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी : विजय

**सांसद विजय बघेल व विधायकों ने सिख समाज के साथ मिलकर शहादत को किया नमन**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वीर बाल दिवस पर जिला भाजपा दुर्ग संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में संतराबाड़ी दुर्ग स्थित गुरुद्वारा पहुंचे और शबद कीर्तन सुना। इस दौरान शबद कीर्तन में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल, विधायकद्वय ललित चंद्राकर और गजेंद्र यादव शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने गुरु गोविंद सिंह के वीर पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को अल्पायु में दी शहादत को नमन किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के दो मासूम पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह सर्वोच्च साहस के साथ क्रूर मुगल शासन के खिलाफ खड़े हुए थे। उन्होंने धर्म परिवर्तन के बजाय शहादत को चुना, उनकी वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि हमारे देश का इतिहास अनेकानेक वीर बालकों के साहसिक कार्यों से भरा हुआ है, उनकी वीरता को नमन करते हुए अपने बच्चों को भी राष्ट्र और धर्म के प्रति प्रेमभाव सीखना आवश्यक है इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर का दिन वीर बाल दिवस के रूप में घोषित किया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि भारत का इतिहास बलिदानों से भरा हुआ गौरवशाली इतिहास है। आजादी के 75 वर्ष तक सच्चे बलिदानियों की वीरता को नमन नहीं किया गया बल्कि उनका इतिहास छुपाया जाता रहा लेकिन आजादी की अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे बलिदानियों की स्मृति को नमन करने का कदम बढ़ाया है।

विधायकद्वय ललित चंद्राकर और गजेंद्र यादव ने कहा कि 9 और 7 वर्ष की कम उम्र में धर्म की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीर बालकों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के महान जीवन की प्रेरणा से देश का हर बालक-बालिका ओतप्रोत हो इसी भावना को बल देने के लिए गुरु गोविंद सिंह के मासूम पुत्रों की शहादत पर वीर बाल दिवस घोषित किया गया है।

**शबद कीर्तन में यह रहे उपस्थित**

गुरुद्वारा में हुए शबद कीर्तन में जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, अध्यक्ष दुर्ग जिला सिख समाज अरविंदर सिंह खुराना, के एस चौहान, कांतिलाल जैन, जिला मंत्री रोहित साहू, दीपक चोपड़ा, विनोद अरोरा, निलेश अग्रवाल, जितेंद्र सिंह राजपूत, राकेश दुग्गड, विनय महोबिया, प्रीतपाल बेलचंदन, मनोज सोनी, रजनीश श्रीवास्तव, चैनसुख भट्टड़, शिव चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, विजय ताम्रकार, रजा खोखर, केवल देवांगन, दिव्या कलिहारी, जय श्री राजपूत, मंजू पांडे, रीता पांडे, प्रीती खरे, श्वेता ताम्रकार, झरना वर्मा, प्रीति साहू, नीतू श्रीवास्तव, उदय शंकर त्रिपाठी मोहन बागुल, सचेंद्र सिंह राजपूत, गुलाब वर्मा, बंटी चौहान, अनूप गटागट, अशोक कंडरा, अनूप सोनी, संजय बोहरा, शिवेंद्र परिहार, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पोषण साहू, अनूप तिवारी, देवनारायण तांडी, रितेश जैन, मुरली सचदेव, नरेश सोनी, साजन जोसफ, दिनेश मिश्रा, महेंद्र चोपड़ा, राहुल पंडित, उदय शंकर त्रिपाठी, गणेश निर्मलकर, कृष्ण निर्मलकर, मनोज अग्रवाल, प्रकाश ताम्रकार अमित पटेल, अनुपम मिश्रा, उत्तम साहू, इकराम कुरैशी, योगेश यादव, राहुल भट्ट, अतुल पहाडे , देवेन्द्र टंडन शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सुशासन दिवस पर किसानों के खातों में गई बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

वृत्ताकार सहकारी समिति अंडा पंजीयन क्रमांक 295 में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन दिवस व स्व अटल बिहारी के जन्मदिवस के अवसर पर बोनस राशि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किसानों व समिति कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भाजपा सरकार के बचे दो साल का बोनस मोदी की गारंटी पर सभी किसानों को 25 दिसंबर को खाते में पैसा डाला गया। अंडा समिति के कार्यक्रम में चारो गांव अंडा, चिंगरी, जंजगिरी, विनायकपुर के सभी किसान उपस्थित थे।

■ बोनस राशि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किसानों व समिति कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ

इस अवसर पर गिरधर साहू, मन्नू लाल, दिलीप कुमार, हृदय राम साहू, तोपसिंह, बिसाहू राम, विरेंद्र कुमार, रमेश कुमार, घनश्याम, महेंद्र कुमार, लाला, जगतपाल, समिति प्रबंधक राजकुमार खोब्रागडे, कर्मचारी उपेन्द्र देशमुख, गुलशन दिल्लीवार, लोकेश्वर दिल्लीवार, नागराज भारती, रामसाय साहू, चन्द्रकांत भोई सहित अन्य किसान व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को चरण पादुकाओं का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

श्री अरोबिंदो ज्ञान आश्रम फूंडा द्वारा आयोजित ग्राम अरसनारा में श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाऊंडेशन दुर्ग के माध्यम से शासकीय प्रायमेरी व पूर्व माध्यमिक शाला में कुल 125 विद्यार्थियों को चरण पादुकाओं का वितरण किया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग सदस्य हर्षा चंद्राकर उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित इंद्राणी घोष ने शाला के बच्चों को श्री अरविंदों के जीवन के बारे में अवगत कराया साथ ही हर्षा चन्द्राकर, सरपंच हरिशंकर साहू ने भी अपने विचार रखे। गया।

■ बच्चों को चरण पादुकाओं के साथ कलर पेंसिल व मिष्ठान का भी वितरण किया

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणि चंद्राकर, अरविंदो योगा एवं ज्ञान फाउंडेशन की सह संचालिका डॉ किरणबाला पटेल, बालमकुंद पटेल, मोनिका जैन, अदिति पटेल, पूर्व सरपंच सुलेन साहू, डेहरलाल साहू, नंदकुमार साहू, ठाकुरराम वर्मा, जयप्रकाश साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## विधायक का भिलाई-चरोदा में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा का भाजपा भिलाई-चरोदा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। जीत के बाद पहली बार कार्यकर्ता सम्मलेन में पहुचे विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा का जगह -जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इसके हर चौक चौराहों पर उनकी रैली का बाजे गाजे के साथ कार्यकर्ता उन्हे निधि वन लेने पहुचे थे। विधायक कोर्सेवाडा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यो को प्रमुखता से किया जाएगा।जनता के अनुरुप हर कार्य किए जाएगें। इस दौरान भाजपा नेताओं में सुषमा जेठानी,डॉ राधेश्याम वर्मा, दिलीप पटेल, कोषाध्यक्ष गोपाल महतो, श्याम सुंदर जायसवाल, रामखिलावन वर्मा, प्रेमलाल सीता साहू, मुकेश अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सुशासन दिवस पर सेवाकर्मियों को वितरित किया गया वस्त्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर भिलाई सिविक सेंटर स्थित रोटरी क्लब द्वारा संचालित नयन दीप स्कूल के नेत्रहीन बच्चों और वहां कार्यरत सेवाकर्मियों व आया को नए वस्त्रों का वितरण किया गया। इस दौरान सारा समाजसेवी संस्था की नजमा अजीम, भाजयुमों महामंत्री विशालदीप नायर के साथियों के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सारा समाजसेवी संस्था की एवं पूर्व उर्दू बोर्ड की अध्यक्ष नजमा अज़ीम, डॉ संतोष राय, छग अल्प संख्यक मोर्चा साईदा परवीन, पूर्व पार्षद उपासना साहू, चैंबर ऑफ कामर्स महिला विंग महामंत्री सुमन कन्नौजे, सीमा तिवारी, सविता नाहक, डॉ प्रदीप चौधरी, हिमालय नायक, शुभम गुप्ता, एंथोएलनी, धनराज सिंह, साकेत जैन सहित काफी संख्या में सेवाभावी युवा उपस्थित थे।

## विधायक ललित ने भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के नए अध्यक्ष किरण सिंह को दी बधाई



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार के नए मंत्रियों को दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी। वहीं उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को हम सब मिलकर प्रगति की राह पर आगे ले जाएंगे। शुक्रवार को रायपुर में मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों से मुलाकात की। विधायक ललित ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रामविचार नेताम, बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्यामबिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा आदि उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ कनौजिया समाज का चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



छत्तीसगढ़ प्रदेश कनौजिया सोनार समाज का चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद राजेंद्र सोनी ने किया। श्री सोनी ने चुनाव संचालक परदेसी राम सोनी और सहयोगी भानु प्रसाद,सालिक राम सोनी, बच्चन सोनी को मंच पर आमंत्रित किया। चुनाव कराने के लिए संचालक परदेसी राम सोनी को मंच को सौंपते हुए राजेंद्र सोनी ने अपना स्थान ग्रहण किया। प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार, सचिव भागवत प्रसाद सोनी,कोषाध्यक्ष गणेश राम सोनी को बनाया गया। तीनों पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गंडई से लखन लाल कृष्ण कुमार, सोनी गुलशन सोनी, बीजाभाट से टोमन सोनी बेमेतरा से चंद्रकांत सोनी मनी सोनी भाटापारा से शंकर सोनी धमतरी से प्रेमेंद्र सोनी हेमराज सोनी दुर्ग से सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार, राजू सोनी, प्रदीप सोनी, रायपुर से दिलीप सोनी गणेश सोनी, भिलाई तीन से मोहित सोनी केशव सोनी लव कुश स्वर्णकार प्रेम नारायण सोनी चंद्रिका प्रसाद सोनी उत्तम सोनी दुर्गेश सोनी मौजूद थे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान की हुई समीक्षा बैठक

**भिलाई।** जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं

जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र केश्वसन विभाग एवं डायटेटिक्स विभाग साथ मिलकर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. एम रविन्द्रनाथ ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां.प्रमोद बिनायके मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. के ठाकुर सहित एसीएमओ डां. जीवन लाल, महाप्रबंधक शाहिद अहमद,महाप्रबंधक बलवीर सिंह और महाप्रबंधक शिवराजन विशेष रूप से उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा समाज सेवा की दिशा में सार्थक कदम उठाते हुए स्कूली बच्चों को स्वेटर व खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। संगठन द्वारा गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चिखली कार्यक्रम किया गया। इस दौरान उक्त सामग्री का वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमलता मित्तल के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुए। बच्चों के बीच संगठन के सभी सदस्यों ने काफी समय बिताया। इस दौरान ढेर सारे कार्यक्रम हुए। गांव के सरपंच व स्कूल की प्रिंसिपल का शॉल व श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता के बाद संगठन की महिलाओं ने आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य करने का संकल्प लिया। अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल व संरक्षिका गायत्री अग्रवाल, उपाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, प्रेमलता अग्रवाल, शारदा सिंघानिया आदि की उपस्थिति में बच्चों स्कूली बच्चों को सामग्रियां बांटी गई।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग**
**जिला -दुर्ग (छ.ग.)**
**//सूचना विज्ञिप्त//**

राजस्व पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 202307100200007/71 अ-27 वर्ष 2022-2023 पेशी दिनांक 02.01.2024 पक्षकार उमेश कुमार उर्फ उमेश्वर आ० स्व. सुन्दर लाल देशमुख निवासी ग्राम निकुम तह व जिला - दुर्ग -पुनरीक्षणकर्ता विरूद्ध 1. प्रीतम कुमार आ उमेश कुमार निवासी ग्राम निकुम तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) - उत्तरवादी, उत्तरवादीगण प्रीतम कुमार आ. उमेश कुमार निवासी ग्राम निकुम तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) के पते पर नोटिस तामिल नहीं हो पा रही है। अतः प्रीतम कुमार आ. उमेश कुमार (उत्तरवादी) को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनाक 02.01.2024 के न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधोहस्ताक्षर सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अनुपस्थित पर एक तरफा आदेश पारित किया जावेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज दिनाक 22. 12. 2023 को न्यायालय के पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर दुर्ग**

**न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग**
**जिला -दुर्ग (छ.ग.)**
**// सूचना विज्ञिप्त//**

राजस्व पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 202307100200006/68 अ-27 वर्ष 2022-2023 पेशी दिनांक 09.01.2024 पक्षकार बहलराम निषाद आ० मनोहर निषाद निवासी ग्राम करहीडीह, प.ह.न 49 तह व जिला - दुर्ग - पुनरीक्षणकर्ता विरुद्ध 1. बनवाली निषाद आ. मनोहर निषाद 2. बाला राम निषाद आ. मनोहर निषाद दोनो निवासी ग्राम - करीहीडीह प.ह.न 49. तह व जिला दुर्ग - उत्तरवादीगण उत्तरवादीगण बनवाली निषाद आ. स्व. मनोहर एवं बालाराम निषाद आ. मनोहर निषाद दोनों निवासी ग्राम करहीडीह पहन 49 तह व जिला दुर्ग के पते पर नोटिस तामिल नहीं हो पा रही है। अतः बनवाली निषाद एवं बालाराम) निषाद (उत्तरवादीगण) को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत पेशी दिनांक 09.01.2024 के न्यायालय में आप स्वयं या अपने अधोहस्ताक्षर सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित होने अनुपस्थित पर एक तरफा आदेश पारित किया जावेगा जिसके लिए आप स्वय जिम्मेदार होंगे। आज दिनांक 22.12.2023 को न्यायालय के पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर दुर्ग**

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### धर्म के अभाव में जीवन का सार्थक होना बेमानी सोच है: पं. देवेंद्र

**जामगांव आर।** औरी में शिव महापुराण कथा स्थल पर 108 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक, पूजन व हवन संपन्न हुआ। कथा के विश्राम अवसर पर कथाकार देवेंद्र पाठक ने कहा कि धर्म है तभी शांति है, अधर्म तो केवल उत्पात कराता है अशांति पैदा करता है। धर्मेण हिना पशुभि समाना। जीवन धर्म मय हो तो जीवन सुचारू रूप से कटता है। जीवन का सार भी धर्ममय होना है।उन्होंने कहा कि अधर्मी का साथ देना भी अधर्म ही माना जाता है। इसलिए धर्ममय सरल जीवन जिएं जीवन का आनंद मिलता रहेगा। स्टेट्स सिंबाल के फेर में अधर्म के फेरे का चांस बढ़ने की गुंजाइश बलवती होने लगती है। उन्होंने कहा कि धर्म के अभाव में जीवन का सार्थक हो पाना बेमानी सोच है।

## निधन

### माधव संतोष पटेल



**भिलाई।** ग्राम जेवरा निवासी माधव संतोष पटेल उम्र 44 वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार जेवरा -सिरसा के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामप्रसाद पटेल के पुत्र एवं बुद्धेश्वरी पटेल के पति और दुष्यंत, दुर्गेश, जय कुमार पटेल के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### मनीष मानिक



**भिलाई।** प्रेम सागर चौक बैगापारा दुर्ग निवासी मनीष मानिक उम्र 52 वर्ष का निधन 25 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर को किया गया। वे स्व. डीडी मानिक के बड़े पुत्र एवं रजनीश मानिक के बड़े भाई थे।

# विश्व को सुख शांति का रास्ता दिखाने में जैन धर्म सक्षम : राज्यपाल देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जैन धर्म का 1000 वर्षों से परचम लहराने वाले खरतरगच्छ का सहस्त्राशताब्दी महोत्सव का भव्य आयोजन चतुर्विद संघ की उपस्थिति में आदिनाथ परमात्मा के निर्वाण स्थली पालीताना में मंगलवार को आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ की माटी में जन्मे पले बढ़े आचार्य भगवंत जिन पीयूष सागर जी की निश्रा में आयोजित महोत्सव में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने खरतरगच्छ के संस्थापक जिनेश्वर सूरी के नाम भारत सरकार द्वारा जारी 1000रू का रजत सिक्का एवं डाक टिकिट का विमोचन कर आचार्य भगवंत जिन पीयूष सागरजी के हाथों अर्पित किया।

इस अवसर पर डाक विभाग के पोस्ट मास्टर जनरल बाई एल सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समीपस्थ ग्राम नवागांव वाले सेठ पन्नालाल गोलछा द्वारा 210 तीर्थ यात्रियों के संघ सहित डौंडीलोहारा, राजनांदगांव संघ से गए छत्तीसगढ़ के बारे जामगांव आर, सुरपा, बीजा, साजा, दुर्ग, रायपुर, बालोद, डोंगरगढ़ जैन संघों के सैकड़ों धर्म प्रेमियों ने महोत्सव में शामिल होकर साक्षी बने। संघ पति पन्नलाल पारस बाई सहित भक्तो ने शत्रुंजय शिखर पहुंचकर आदिनाथ भगवान का पूजा अर्चना की।

## एक हजार रू का रजत सिक्का एवं डाक टिकट का किया गया विमोचन

### 1000 वर्ष बाद आज भी गच्छ प्रासंगिक

1000 रु के रजत सिक्का एवं डाक टिकिट का विमोचन करते हुए गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि एक हजार वर्ष कम नहीं होता। इतने लंबे वर्षों तक धर्म के सिद्धांत को मूल स्वरूप में जीवित रखना और समाज में सिद्धांत को पिरोते रहना त्याग तपस्या के मूर्तिमान साधु संतो साध्वियों के कारण संभव हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि जैन धर्म भारत का प्राचीन और सारभौमिक सिद्धांत पर आधारित धर्म है। अहिंसा सत्य, त्याग, तपस्या अपरिग्रह के रास्ते मानव को जीवन में कुंदन बनने की कला जैन धर्म सिखाती है।



### शत्रुंजय शिखर पर पहुंच भक्तों ने किया दर्शन पूजन

सास्वत सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए महोत्सव और जीवन शैली पर प्रकाश डाला। संचालन कैव्यलाधाम जैन तीर्थ कुम्हारी के ट्रस्टी आयोजक समिति के महामंत्री सुपारस गोलछा ने किया। छत्तीसगढ़ से पालीताना पहुंचे श्री संघों के सदस्यो ने शत्रुंजय शिखर पर 2000 सीढ़ियों का सफर कर भगवान आदिनाथ का दर्शन, पूजन व वंदन किया और विविध धार्मिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दी।

## दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को किया याद

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत की स्मृति में मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में दसवें सिक्ख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, और बाबा फ़तेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया गया।

वीर बाल दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य लता रघुकुमार एवं शाला के समस्त व्याख्याताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में विशेष सभाएं, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिताएँ एवं विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वीर बाल दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को नैतिकता, साहस एवं बलिदान का महत्व बताया। कार्यक्रम प्रभारी नवीन गुप्ता,सहायक प्रभारी रेखराम, अजय सिंह, श्रद्धा बाजपेयी द्वारा संबोधित किया गया।

विद्यार्थियों में हुई भाषण प्रतियोगिता में सुधा, साक्षी, ऋतिक खंडेलवाल एवं बलजीत सिंह छाबड़ा, निबंध लेखन प्रतियोगिता में चंचल मानिकपुरी, पुष्पा साहू, आस्था गजभिये, भावेश साहू एवं पोस्टर प्रतियोगिता में आहान अंसारी, राजेश पटेल शामिल हुए।

### भाषण, निबंध एवं पोस्टर में दिखाया शहादत




### सेजस जामगांव आर में मनाया वीर बाल दिवस

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय जामगांव आर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के सुपुत्रों के बलिदान को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर गुरु गोविंद सिंह के छाया चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप जलाकर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, चित्रकला, देश भक्ति पर निबंध, बाँसुरी वादन, आदि आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि इतने कम उम्र में बाल्यकाल में ही गुरु गोविंद सिंह के बच्चों ने धर्म देश के लिए अपने प्राण समर्पित किए इससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और देश के प्रति समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में रुपेश साहू, संकुल समन्वयक राजेंद्र नाग, एमन पाटकर एवं अन्य शिक्षक के साथ बच्चे उपस्थित रहे।



### शहीद वीरनारायण की शहादत दिवस पर किया नमन वंदन

**जामगांव आर।** आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज खोला में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता धनाजी राम ध्रुव अध्यक्ष भाठागांव परिक्षेत्र, विशेष अतिथि राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, बिमला बालाराम कोसरे सभापति जप, उमाशंकर नेताम, रेवती साहू सरपंच, खुमान जांगड़े उपसरपंच, रामजी कुंजाम, एम डी कतलम, दया राम कोर्राम ने बूढ़ादेव भगवान की पूजा अर्चना कर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्थानीय समाज द्वारा कलश यात्रा, गौरी गौरा शोभा यात्रा, आदिवासी नृत्य एवं रात्रिकालीन जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जिर्राटोला अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर रवि ठाकुर, राजेंद्र कोर्राम, मिथलेश कतलम, टिकेश ओटी, शीतल कोठारी, नाथू बारले, मोहित चंद्राकर, टीकम ठाकुर, गोकुल बारले, ईश्वर चंद्राकर, ऋषभ चंद्राकर सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।



## नुक्कड़ नाटक कर साइबर क्राइम और नशा उन्मूलन का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई द्वारा विकसित भारत की परिसंकल्पना के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम मर्रा, तहसील पाटन में यह शिविर विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान के छात्रों द्वारा 21 से 27 दिसंबर तक लगया गया है। शिविर के प्रथम दिवस की शुरुवात विकसित भारत की संकल्प यात्रा में स्वयं सेवकों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई। दूसरे दिन सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।

■ राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का ग्राम मर्रा में किया आयोजन

योग प्रशिक्षक तुकाराम वर्मा द्वारा योग की शिक्षा और परियोजना कार्य के तहत ग्राम के तालाब, पंचायत परिसर और सड़कों के पास कचरो की सफाई व बच्चों से बूढ़ों तक सभी की रक्त जांच हुई। इस जांच में कुछ लोग सिकल सेल की समस्या से ग्रसित पाए गए। विश्वविद्यालय शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ० घोष एवं विभाग प्रभारी डॉ० पात्रा ने शिविर का निरीक्षण किया एवं छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

कैंप के तीसरे दिन आंख की निशुल्क जांच एवं चश्मा वितरण नेत्र चिकित्सक डॉ. मोहम्मद शेख एवं ग्राम सरपंच पालेश्वर ठाकुर दवरा किया गया। चौथे दिन छात्रों के द्वारा विकसित भारत की थीम पर पोस्टर बनाए गए जिसमें उन्होंने अपने विचारों को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही गांव के चौराहों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम एवं प्लास्टिक कचरा से होने वाले दुष्प्रभाव से संबंधित प्रस्तुति दी गई। सात दिवसीय शिविर का यह आयोजन विवेकानंद विश्वविद्यालय भिलाई के कुलपति प्रो डॉ एमके वर्मा के निर्देशन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्मिता एवं शेष नारायण साहू के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है।

## बाल मेले में बच्चों ने लगाए विभिन्न स्टॉल, पालकों ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में बच्चों द्वारा बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। जिसमें बच्चों द्वारा भेल, गुपचुप सेंटर, ढोकला, इडली, समोसा, बालूसाही, चना चटपटी, चाइनीज पकौड़ा, अमरूद आदि के स्टाल लगाए गए थे। बच्चों ने अपने पालकों के सहयोग से खाद्य पदार्थों को बनाया था। बाल मेला के माध्यम से बच्चों में व्यापार की सूक्ष्मता का ज्ञान होता है। बाल मेला कार्यक्रम का आनंद शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी व समस्त ग्रामवासियों ने उठाया। बच्चों के इस बाल मेले की सभी ने प्रशंसा की।



कार्यक्रम में सरपंच ललिता गजपाल, निलेश साहू अध्यक्ष प्रा.शाला प्रबंधन समिति, स्मृति सोनी अध्यक्ष माता उन्मुखीकरण समिति, मोती मारकंडे, यशवंत साहू, डॉ सीडी देवागंन, बीना देवांगन, ललित बाई साहू, लक्ष्मी साहू, गोदावरी देवांगन, सीमा सोनी, नेमा देवांगन, भूषण गजपाल, मोनिका चन्द्राकर, धात्री साहू, सावित्री चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर शर्मा एवं शाला से टीकेन्द्र चन्द्राकर प्रधान पाठक, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, परमिला गजपाल ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

## भूले बिसरे गीत सदाबहार नगमों का किया आयोजन

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना कांति यादव व राजगीत चमेली साहू ने प्रस्तुत कर किया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन, क्रिसमस डे, मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि व तुलसी पूजन दिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रांतीय कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, महासचिव जांजगीर राधेश्याम कंवर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ने कहा कि यह मंच कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षक व छात्रों की प्रतिभा को सामने ला रहा है। कार्यक्रम के अंत में गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में रामेश्वर प्रसाद आदित्य, अनीता चन्द्रा, चन्द्र कुमार चन्द्रा, लक्ष्मीनारायण क्षत्री, मिथिला जायसवाल, बुधनी अजय प्रधान, भारत माता खटकर, संध्या मौर्य, मनोहर लाल यादव, डॉ.प्रमोद आदित्य, रामकुमार पटेल, पुष्पांजलि ठाकुर, हेमा चन्द्रवंशी, देव प्रसाद पात्रे, शिवकुमार आदि ने पुराने गाने प्रस्तुत किये।



## सुशासन दिवस पर जरुरतमंदों को वितरित किया गया व्हील चेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

नगर पालिका अम्लेश्वर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, अध्यक्षता नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश यादव सहित विशेष अतिथि फेरहा राम धीवर, कैलाश यादव, मोहन साहू, रामाधार साहू, आलोक पाल, दयानंद सोनकर, राजू साहू उपस्थित रहे। अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने अपने विचार रखते हुए कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। छत्तीसगढ़ की नवगठित भाजपा की सरकार अटल जयंती पर किसानों को उनके पिछले दो साल का बोनस को सीधे उनके खातों में ट्रांसफर करी है यह हर्ष की बात है।

नगर पालिका के अधिकारी श्री यादव, रामाधार साहु एवं कैलाश यादव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर समाजसेवी सुशीला बागड़ी ने मालती चतुर्वेदी को व्हील चेयर प्रदान किया। कार्यक्रम के बाद पालिका परिसर में स्वछता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोहन साहू, राहुल साहू, धर्मेंद्र सोनकर, शिवकुमार साहू, चैनसिह साहू, सुखदेव साहू, ताम्रध्वज साहू, मृत्युंजय देवांगन, विकास सोनी, धनेश यादव, देव पाटकर आदि उपस्थित थे।



■ अटल बिहारी लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे : लोकमणी

## भनसुली में मनाई गई 267वीं गुरु घासीदास जयंती

# गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सतनामी समाज भनसूली के में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता तुलसी डहरिया सरपंच ने की। विशेष अतिथि गैंदलाल डहरिया पूर्व जप, डॉ के के साहू, जनार्दन सेन, कमलेश साहू, रामनारायण साहू, गोपाल साहू, महेश साहू, डॉ हेमंत साहू, सेवक देवांगन, राधेश्याम देवांगन, मंथीर साहू, कैलाश साहू, बिसौहा बढ़ई, बिसहत निर्मल ने गुरु गद्दी, जैतखंभ में पालो चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर आरती की। पंथी नृत्य देमार एवं रात्रिकालीन सतनाम चौका का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि वर्तमान परिवेश में बाबा के सिद्धांतो को आत्मसात करने की आवश्यकता है। सत्य, अहिंसा, छुआछूत से दूर मानवता को परमार्थ मानकर जीवन को धन्य बनाना चाहिए।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सतनामी समाज के लिए 5 लाख की स्वीकृत कार्य निर्माणाधीन है। समाज के पूर्व जप सदस्य गैंदलाल डहरिया ने भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महेश डहरिया, नंदकुमार डहरिया, मेहत्तर डहरिया, रूपेंद्र देशलहरे, टुमन डहरिया, सुकालु डहरिया, अनंद देशलहरे, पुनु देशलहरे, पवन महिलांग, लिखन धृतलहरे, सदाराम बंजारे, संतराम, रमेश, गनसु सतनामी, फूलचंद डहरिया, पुनदास डहरिया, बरातू, भूषण साहू, नंद कुमार साहू, खम्हन निर्मल आदि उपस्थित थे।



### घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश: नारद

**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव में बाबा गुरु घासीदास की जयंती शनिवार को मनाई गई। इस दौरान मुख्यअतिथि भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, अतिथि कमलेश साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा दक्षिण पाटन, चंद्रभान साहू सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव, युवराज साहू उपसरपंच ग्राम नवागांव, कार्तिक टंडन, पोषण कुमार, उधो राम साहू, महेंद्र साहू अभिषेक सेन मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि घासीदास बाबा ने मानव को सत्य के मार्ग पर भाईचारा के साथ चलने संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की भूमि संत ऋषि मुनियों की भूमि है जहां जीवन को कल्याण करने वाले संदेश दिया जाता है। इस दौरान अध्यक्ष धनराज जांगड़े, उपाध्यक्ष रामसिंह देशलहरे, चंदूलाल टंडन कोषाध्यक्ष, सचिव तेजराम जांगड़े, कमलप्रसाद महलवार, डोमन टंडन, परमानंद सोनवानी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## पालीताना पहुंच भक्ति भाव में झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पन्नालाल गोलछा नवागांव द्वारा पालीताना तीर्थ यात्रा में गए 210 गोलछा जिनेश्वर यात्रा संघ सदस्य तीर्थ यात्रा घंटाकर्ण महावीर मालपुरा अजमेर दादा गुरुदेव, मंडोली व नाकोड़ा तीर्थ के दर्शन करते हुए पालीताना तीर्थ पहुंचे। पालीताना में सोमवार को आयोजित भव्य बरगोड़ा में शामिल हुए। जिसमें संघपति पन्नालाल गोलछा, भंवरलाल, ज्ञानचंद, प्रकाशचंद, धनराज, राकेश गोलछा सहित सभी सदस्य भक्ति में विभोर होकर झूम उठे। संघ में गए सदस्य भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मनिष्ठ प्रमोद चौरड़िया व नागपुर से संघ में पहुंचे योगेश कोचर ने बताया कि पन्नालाल गोलछा दवरा आयोजित यह धर्म यात्रा यादगार बन गई। समय बद्ध इस यात्रा का प्रत्येक सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। भजन, वंदन दर्शन पूजा करते हुए आदिनाथ दादा के दरबार में आज भव्य बरगोड़ा में सभी सदस्य शामिल हुए।



# कोविड संक्रमित 4 नए मरीज मिले, अस्पतालों में जांच के लिए टारगेट निर्धारित

### जिला अस्पताल के अलावा सभी सरकारी संस्थानों में होगी टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

कोविड से संक्रमित चार नए मरीज सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सामुदायिक, प्राथमिक व जिला अस्पताल सहित जिलेभर में रोजाना जांच के लिए टारगेट निर्धारित कर दिया गया हैं। वही लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सुपेला, सहित 21- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, 9- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, १- सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र, 27-अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, 128-उपस्वास्थ्य केन्द्रों व सेक्टर-9 हॉस्पिटल, भिलाई तथा श्री चंदूलाल चंद्राकर, मेडिकल कॉलेज, जुनवानी, श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी मिलाई में आर.टी.पी.सी.आर, एन्टीजेन पद्धति से कोविड जाँच किये जाने निर्देशित



किया गया है तथा कोविड जॉच हेतु प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कोविड का नया वैरियेंट केरल में प्राप्त हुआ है। जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में कोविड-19 की उपकरणों की कियाशीलता, दवाओं की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियों के लिए अन्य तैयारियों के ऑकलन के लिए मॉकड्रिल किया गया है। जिले में डॉ. जेपी मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देश में डॉ. सीबीएस बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग द्वारा कोविड-19 के रोकथाम व सतत निगरानी की जा रही है।

### नए साल पर प्रोटोकाल पालन करने की सलाह

आगामी नववर्ष एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए कोविड संकमण के प्रसार की रोकने हेतु रेसपिरेटरी हाइजिन और कोविड अनुरूप व्यवहार का पालन किये जाने निर्देशित किया गया है। जिले में सभी शासकीय स्वज्थ्य केन्द्रों में आने वाले इंफ्लुएंजा गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के प्रकरणों की सतत निगरानी करते हुये दैनिक आधार पर नियमित रूप से रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।

### सात मरीज मिले, सभी आईसोलेशन

दुर्ग जिले में अब तक 3 कोविड पॉजिटिव आये है, किसी का भी स्वास्थ्य गंभीर स्थिति में नहीं है, वे सभी सामान्य हैं एवं सभी पॉजिटिव मरीज होम-आईसोलेशन में है। आज 26.12.2023 को 4 नये आरटीपीसीआर कोविड पॉजिटिव मरीज पाये गये हैं, जो धमधा, निकुम, रिसाली व शहरी दुर्ग से हैं। इस प्रकार दुर्ग जिले में कुल 07 कोविड पॉजिटिव मरीज मिले हैं और सभी होमआईसोलेशन में हैं। मरीजों की स्थिति सामान्य है।

## खबर संक्षेप

### वाहन चोर गिरोह के 4 युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** वाहन चोर गिरोह के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी क्राइम अनुराग झा ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि उतई हथखोज पारा निवासी चेतन डहरे अपने साथी डुंडेरा निवासी रितेश कुमार कुर्रे उर्फ भक्का के साथ उतई खोपली के पास एक बाइक को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर चेतन डहरे एवं रितेश कुर्रे को घेराबंदी कर खोपली उतई के पास पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि जोरातराई बीएसपी गेट के पास उतई से, चन्दूलाल चंद्राकर अस्पताल के पास से, बेरोजगार तिराहा सेक्टर 6 से और दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पास से अलग -अलग समयावधि पर कुल 6 वाहनों की चोरी स्वीकार किया। जिसे 4 बाइक को अलग-अलग जगहों पर छिपाकर रखा गया था। वही 2 वाहनों में से एक को सेक्टर 7 निवासी कार्तिक चोपड़ा को एवं दूसरे वाहन को समोदा निवासी दुर्गेश चौहान को बेचना बताया। आरोपियों के निशानदेही पर 6 वाहनों को बरामद किया है। सामानों की कीमत 3.30 लाख रुपये का होना बताया गया है।

### युवती से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** घर मे घुसकर छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 452, 354, 354(क), 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह करीब 9.30 बजे पीड़िता और उसके परिजन घर में थे। उसी समय वैशाली नगर आईएचएचडीपी आवासा निवासी राजा यादव उसके घर में जबरन घुस गया। गलत नीयत से उसका हाथ भी पकड़ लिया। परिजनों को धमकाने लगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। वैशालीनगर पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाकर जगह-जगह दबिश दी।

### लापरवाही : दर्जनभर केंद्रों में दस फीसदी भी उठाव नहीं, जिले में 70 फीसदी धान जाम

# वनांचल के 27 केंद्रों में बंद रही खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

धान खरीदी की प्रक्रिया में लचर परिवहन व्यवस्था को लेकर लगातार सामने आ रही नाराजगी के बाद भी स्थिति सुधरती हुई नजर नहीं आ रही है। वनांचल इलाकों में तो हाल और भी बुरे है, मोहला-मानपुर जिले में आने वाले 27 धान खरीदी केंद्रों में नई खरीदी के लिए स्थान ही नहीं बचा है। सुस्त परिवहन से नाराज होकर मोहला-मानपुर जिले के समिति प्रबंधकों ने मंगलवार को खरीदी ही बंद रखी। धान लेकर पहुंचे किसानों को मायूस होकर वापस ही लौटना पड़ा। जबकि अब भी 40 फीसदी से अधिक किसान धान बेचने के लिए शेष है। मोहला-मानपुर में बनी इस स्थिति के पीछे खरीदी शुरु होने के बाद से अब तक परिवहन की तरफ प्रशासन का ध्यान नहीं देना है। मोहला-मानपुर जिले में अब तक करीब 9 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, लेकिन हालत यह है कि दो महिने बाद भी इसमें महज पौने तीन लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। लगभग छह लाख क्विंटल धान अब भी केंद्रों में जाम पड़े हुए है। कुछ उपार्जन केंद्र तो ऐसे भी है जहां एक या दो दफा ही परिवहन हो पाया है। ऐसे में नाराज होकर समिति प्रबंधकों ने खरीदी बंद कर दी है, यहीं हाल राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले में भी बन रहें है। आगामी एक सफ्ताह में इन जिलों में उठाव तेज नहीं हुआ तो वहां भी खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है।



### इन केंद्रों का बुरा हाल

मोहला-मानपुर जिले में कुछ केंद्र ऐसे है जहां खरीदी के मुकाबले 10 फीसदी भी उठाव नहीं हो पाया है। इनमें सरकेड़ा जहां अब तक शून्य परिवहन किया गया है, वहीं विचारपुर, रेंगाकठेरा, औंधी, सीतागांव, मटेवा, भोजटोला, एकटकन्हार, चिल्हाटी उपार्जन केंद्र शामिल है। इसके अलावा भी जो शेष उपार्जन केंद्र है वहां पर खरीदी के मुकाबले 50 फीसदी या इससे कम ही उठाव हो पाया है। जिसके चलते पूरे जिले में बफर लिमिट पार की स्थिति बन गई है।

### तारीख बढ़ाए, परिवहन भी करें तेज

इधर अविभाजित राजनांदगांव जिले के समिति प्रबंधक संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास का कहना है कि उनके संघ के द्वारा खरीदी की दिनांक को बढ़ाकर 15 फरवरी तक करने मांग की गई है। इसके अलावा आगामी कुछ दिनों में उठाव की स्थिति नहीं सुधरी तो अविभाजित राजनांदगांव जिले में समिति प्रबंधक खरीदी बंद रखकर अपना विरोध जताने मजबूर होंगे। इनके मुताबिक अविभाजित जिले में 60 फीसदी से अधिक केंद्रों में धान रखने के लिए जगह की किल्लत आ गई है।

### विहिप बजरंग दल ने निकाली आक्रोश रैली

**दुर्ग।** बजरंग दल द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध कार्यवाही की माँग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने से पहले दल द्वारा बडी संख्या में उपस्थिति देकर जिला कार्यालय तक रैली निकाली गई। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। बजरंग दल विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी ने बताया कि, विगत 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार के सय में बहुत तेज़ी से धर्मांतरण हुआ। लेकिन बजरंग दल अब धर्मांतरण नहीं होने देगा और धर्मांतरण कराने वालों पर कार्यवाही कराएगा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने कहा संपूर्ण छत्तीसगढ़ धर्मांतरण मुक्त होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग दल के विभाग संयोजक शैलेंद्र सोनी, ज़िला सह मंत्री बबलू सिंग विजय दुबे, ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, ज़िला सह संयोजकद्वय पिंटू जाल खेमलाल सेन टिक्कू निषाद, अखाड़ा प्रमुख पुष्पराज सिंग आदि शामिल थे।

# बुजुर्ग कवि बने बेसहारा आदिवासी बच्चों का सहारा

विमलशंकर झा ▸▸ भिलाई

शिक्षक मोमबत्ती की तरह होता है,जो खुद जलकर दूसरों को रौशनी देता है। और यदि शिक्षक साहित्यकार हो तो फिर उसके अंतस में सामाजिक सरोकार का भाव कुछ अधिक ही होता है। लघुभारत के नाम से जाने जाने वाले भिलाई के एक सेवानिवृत्त शिक्षक और वरिष्ठ साहित्यकार ने गरीब आदिवासी बच्चों को गोद लेकर अनुकरणीय मिसाल कायम की है।



इंसानियत का रिश्ता खून के रिश्ते से भी बड़ा होता है । इसकी अनुकरणीय नजीर पेश करने वाले वरिष्ठ कवि और चिंतक तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त व्याख्याता इंसानियत के जज्बे से भरे 75 वर्षीय इंदुशंकर मनु पिछले 3 दशक से अपने दर्द के रिश्ते को निभा रहे हैं। वनांचल में आदिवासी बच्चों को मदद करने की उनकी कहानी संघर्षपूर्ण होने के साथ प्रेरक भी है। उन्होंने आदिवासी अंचल सोंदूर के एक गरीब आदिवासी परिवार और 5 बच्चों को गोद लेकर अपने रचे साहित्य को धरातल पर उतारा है। स्कूल में सदैव बच्चों के प्रति संवेदनशील रहे प्रकृतिप्रेमी यायावरी स्वभाव के श्री मनु 1883 फिर 1990 में अपने मित्रों के साथ पहली बार भ्रमण और आदिवासी जनजीवन पर शोध करने सीतानदी अभयारण्य क्षेत्र सोंदूर गए तो वहीं के होकर रह गए। कलकल करती सोंदूर नदी और हरेभरे अरण्य से आच्छादित मुचकुंद ऋषि के आश्रम से लगे खूबसूरत ग्राम सोंदूर में निश्छल आदिवासी संस्कृति ने उन्हें वहां अपना अस्थाई घर बनाने प्रेरित किया। उनके मकान से लगा कचरु और सुखबती नामक एक गरीब आदिवासी परिवार का घर था,जिससे वे आत्मीयता से जुड़ गए। बारिश में जब कचरु का कच्चा मकान ढह गया तो श्री मनु ने द्रवित होकर उन्हें रहने के लिए अपना घर दे दिया और अपने लिए 2 कमरों को एक अन्य मकान बना लिया। इस परिवार की मुखिया दाई मां की मृत्यु होने पर निहसंतान कचरु व सुखबती ने अपनी मदद के लिए रिश्तेदार की 7 वर्षीय बेटी रामिन को गोद लिया। शिक्षक श्री मनु ने न सिर्फ रामिन की परवरिश और उसकी सोंदूंर में शादी करवाने में भी आर्थिक मदद की। इतना ही नहीं उसके 5 बच्चों को भी गोद लेकर पढ़ाई में मदद कर रहे हैं। श्री मनु बताते हैं कि पहले मित्रों के साथ कभी कभार सोंदूर जाते थे लेकिन अब बाबा दाई के परिवार से दर्द का रिश्ता जुडने के बाद हर महीने दो महीने में सोंदूर जाते रहते हैं। आदिवासी परिवार की यथाशक्ति मदद कर आत्मिक सुकून मिलता है।



- बीएसपी से सेवानिवृत्त शिक्षक इंदु शंकर मनु नौनिहालों की पढ़ाई और विवाह में कर रहे मदद

### पांचों लड़कियों की तालीम में मदद

भिलाई के मड़ौदा सेक्टर निवासी बुजुर्ग शिक्षक इंदुशंकर मनु अपनी उम्र व गिरती सेहत के बाद आज भी सोंदूर के आदिवासी परिवार से दर्द का रिश्ता निभा रहे हैं। रामिन की पांच बेटियों को अपनी पुत्रियों की तरह स्कूल कालेज में पढ़ाने में मदद कर रहे हैं बल्कि उनके तीज त्योहारों में भी पिता की तरह शामिल होते हैं। सबसे बड़ी लड़की 20 वर्षीय शीतल 12 वीं में फर्स्ट क्लास पास हुई है। छोटी डागेश्वरी नगरी में कम्प्यूटर में ट्रेनिंग ले रही है और छोटी बहनें किरण 10 वीं में हास्टल में रहकर पढ़ रही है। लेखनी 5 वीं में है। एक बहन नाना के घर में पढ़ रही है।

### भिलाई में भी बेसहारा परिवार को दिया आसरा

प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई के पूर्व अध्यक्ष इंदुशंकर मनु वरिष्ठ साहित्यकार हैं । उनकी कविताएं व चिंतन आकाशवाणी से प्रसारित होते रहे हैं। उनका काव्य संग्रह प्रश्न शेष है हाल में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने न सिर्फ अपने गांव सोंदूर में आदिवासी परिवार को गोद लिया है बल्कि भिलाई में भी एक गरीब यादव परिवार को आश्रय दिया हुआ है। मड़ौदा स्थित अपने निवास के पीछे उनके लिए दो कमरों का घर बनवाकर यथाशक्ति मदद कर रहे हैं। इस परिवार के भी पांच बच्चे स्कूल व कालेज में पढ़ रहे है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में है लेटेस्ट डिजाइन के गहनों के साथ विशेष ऑफर

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल मे स्थित ओम ज्वेलर्स शॉप 64 बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने इंदिरा मार्किट दुर्ग ग्राहकों के हित के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको भारत सरकार द्वारा हुईड पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज देखने को मिलता है जिसमे नये या पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी के साथ गहने निश्चिंत होकर खरीदे जा रहे हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा व मंगलसूत्र की गुथाई निःशुल्क रहता है। कम मजदूरी व मनपसंद कलात्मक जेवर, ग्राहकों के पैसों के अनुरूप डिजाइन उपलब्ध रहता है। शादी के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी एक से बढ़कर एक वैरायटी का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री का ऑफर ग्राहकों को तत्काल दी जाती है। वहीं आपको सबसे चीप दर गहने प्रदान किया जा रहा है। नये पुराने सभी ग्राहक से अनुरोध है हमेशा शॉप पधारे। हमेशा नई डिजाइन उपलब्ध है।




### सन पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह

**भिलाई।** सन पब्लिक स्कूल चंदखुरी दुर्ग में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 23 दिसंबर को विद्यालय परिसर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएल ठाकुर संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा संभाग दुर्ग थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर एचएस वर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य फरहीनाकाजी द्वारा एवं संस्थान का प्रगति परिचय डायरेक्टर एचएस वर्मा द्वारा किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत मनमोहक एवं आकर्षक था। तत्पश्चात विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धा जैसे कबड्डी ,खो - खो,वालीबाल एवं एथलेटिक्स आदि में प्रथम एवं द्वितीय स्थानपाने वाले बच्चों को गोल्ड व सिल्वरमेडलदेकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया । इसी प्रकार सत्र 2022-23 में कक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो दिया गया साथ हीछात्र परिषद के सभी पदाधिकारीयों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रमनई शिक्षा नीति के तहत सतत समग्र मूल्यांकन का जीवंत उदाहरण है जिसमें विद्यालय का प्रत्येक छात्र किसी न किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर पुरस्कृत हुआ है। ऐसा उदाहरणकम देखने को मिलता है उन्होंने छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट, जेईई, सीए आदि की भी तैयारी करने को कहा ताकि भविष्य में अच्छे मुकाम को हासिल कर सके। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सन पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष जय चंद्राकर, फार्मेसी के प्राचार्य मृत्युंजय रजिस्ट्रार गंजीर ,आईटीआई के प्राचार्य विजय यदु एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे । कार्यक्रम की प्रभारी रचना सोनी, क्रीड़ा प्रभारी भुनेश्वर साहू एवं रमा देवांगन और मंच का संचालन एवं आभार प्रदर्शन हरप्रीत कौर ने किया।



### नि:शुल्क जांच शिविर में विशेषज्ञों ने की काउंसलिंग

**भिलाई।** श्री रमेश चंद्र फाउंडेशन एवं गुलाटी नर्सिंग होम के तत्वावधान में निशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मानसी गुलाटी, डॉ अंशुल मोदी जनरल मेडिसिन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रचना जैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ दीपिका मोदी, कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉ वीणा चंद्राकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ तरुण वशिष्ट, रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ स्नेहा बोथरा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में करीब 550 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क शुगर, ईसीजी, रक्त जांच तथा दवाइयां पर विशेष छूट का लाभ उठाया। इस दौरान फाउंडेशन की डायरेक्टर डॉ मानसी गुलाटी ने बताया कि संस्था द्वारा इस प्रकार के कैंप हर महीने आयोजित किए जाते है। ताकि आम जनता इसका लाभ मिल सके। शिविर में डॉ स्नेहा बोथरा ने थैलेसीमिया, एनीमिया व रक्त संबंधी बीमारियों सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर के शुरुआती लक्षणों से उसकी पहचान करने की जानकारी दी। इस दौरान लगभग 150 महिलाओं को स्वास्थ संबंधित जानकारी दी।



### सीएक्सओ मीट में शामिल हुए फायर सेफ्टी डिजास्टर भिलाई

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीजीएसआरएलएम की सीएक्सओ बैठक विगत दिनों रायपुर में संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई के योगदान, व्यावहारिक विचारों और विचारशील दृष्टिकोण ने इस आयोजन को वास्तव में सफल और प्रभावशाली बना दिया। डीडीयू/जीवाईके सीएक्सओ मीट में एक साथ आने, ज्ञान का आदान-प्रदान करने और ग्रामीण आजीविका विकास में आने वाली चुनौतियों का सामूहिक रूप से समाधान करने का एक समृद्ध मंच साबित हुआ। उपस्थिति ने चर्चाओं को अत्यधिक महत्व प्रदान किया, जिससे ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए नवीन रणनीतियों और संभावित समाधानों की पहचान करने में मदद मिली। बैठक के दौरान प्रदर्शित जीवंत बहसें, आकर्षक बातचीत और सहयोगात्मक भावना वास्तव में प्रेरणादायक थी। सभी संस्थाओं के अनुभव और अद्वितीय अंतर्दृष्ट प्रतिभागियों को पसंद आई सामूहिक प्रयासों की दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




### हिंदी साहित्य भारती कार्यक्रम में व्यंग्यकार गिरीश पंकज ने कहा

# बलदाऊ की रचनाओं में दिखता है गहरा बाल मनोविज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के बैनर तले बाल साहित्यकार बलदाऊ राम साहू लिखित आधा दर्जन पुस्तकों का विमोचन हुआ। उनकी लिखी छत्तीसगढ़ी गजलों का गायन भी हुआ। इस मौके पर अतिथि वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में साहू बाल साहित्य की सभी विधाओं में सर्वाधिक लिखने वाले साहित्यकार हैं। बाल मनोविज्ञान की उन्हें गहरी समझ है, ऐसा लगता है कि उनकी रचनाओं के माध्यम से कोई बच्चा ही बोल रहा है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंगकार गिरीज पंकज ने कहा कि बलदाऊ राम साहू के बाल साहित्य में लोकजीवन स्पंदित होता है। उनकी हिन्दी के साथ छत्तीसगढ़ी में भी अच्छी पकड़ है। उनकी रचनाएं सोद्देश्यपूर्ण हैं। उनके लेखन को साहित्य जगत में नोटिस में लिया जाना चाहिए। उनकी रचनात्मकता की गूंज दूर तक पहुंचने वाली है। अध्यक्षता करते हुए ओडिशा के शिक्षाविद व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.महेन्द्र मिश्र ने कहा कि श्री साहू को बालमनोविज्ञान की गहरी समझ है। उनका काम लोकधर्मी है, उनकी रचनाशीलता काबिले तारीफ है।

- हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के बैनर तले आधा दर्जन बाल साहित्य की पुस्तकें विमोचित




विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.रामनारायण पटेल ने कहा कि श्री साहू की रचनाओं में नयापन है। वे अपनी रचनाओं में कुछ संकेत करते हुए भी चलते हैं जो सोचने के लिए विवश करते हैं। लोकशब्दों का प्रयोग उनकी रचना की खासियत है। वे विविध रस के कवि हैं। विशिष्ट अतिथि बेमेतरा के वरिष्ठ साहित्यकार महेन्द्र वर्मा ने कहा कि श्री साहू इतना अधिक बाल साहित्य लिखने वाले पहले साहित्यकार हैं। वे बाल मनोविज्ञान को गहराई से समझते हैं इसीलिए इतना अधिक लिखते हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि श्री साहू की रचनाएं ऐसी है कि जैसे कोई बच्चा ही अपनी बात कह रहा है। रचनाओं में बाल सरोकार दिखता है। उनकी बाल रचनाएं बेहद सार्थक हैं। श्री साहू की जिन पुस्तकों का विमोचन हुआ उनमें शामिल हैं-नाच रही है मछली रानी, रतिहा पहागे, चिरई सही उड़े पतंग, लाखन लोटा लाखन थारी, उड़ान व चिंकी के सपना। यह कृतियां बाल कथाओं, बाल कविताओं, बाल कहानियों पर केन्द्रित हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार, संगीतज्ञ व भाषाविद डॉ. चित्तरंजन कर ने बलदाऊ राम साहू की चुनिंदा छत्तीसगढ़ी गजलों को स्वर देकर खूब वाहवाही लूटी। खास बात यह है कि उन्होंने इन गजलों को खुद ही संगीतबद्ध किया, खुद हारमोनियम भी बजाया। तबले में संगत कर सोनू विश्वकर्मा ने भी खूब तालियां बटोरी। आभार प्रदर्शन करते हुए श्री साहू ने कहा कि डॉ.चित्तरंजन कर की प्रेरणा से वे इतना लेखन कर पाए हैं। बच्चों के बीच लंबे समय तक काम करने के कारण उनके मनोविज्ञान को समझने में मदद मिली। कार्यक्रम का रोचक संचालन किश्स बेमेतरा के साहित्यकार दिनेश गौतम ने किया।

### श्रीशंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैपलाइटिंग व ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन




**भिलाई।** श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग हुडको भिलाई में लैंपलाइटिंग एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह का आयोजन किया गया। बीएससी 118 वीं व 19वीं बैच का लैंपलाइटिंग एवं एमएससी 11वीं बैच एवं पोस्ट बीएससी 13वीं बैच का ग्रेजुएशन और कनवोकेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा ने अपने स्पीच में सेवा भावना को सर्वोपरि बताया। चीफ गेस्ट डॉ. आलोक चंद्र अग्रवाल (डीन) एकेडेमिक ऐम्स रायपुर ने नर्सेज को एक नोबेल प्रोफेशन बताया और कहा की नर्सेज मरीजों की सेवा को ही अपना धर्म मानती है। स्पेशल गेस्ट मिस रचना सोनी डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेंडेंट (ऐम्स ) ने कहा कि नर्सिंग स्टूडेंट्स को अपने उदेश्य को ध्यान में रखकर मेहनत करना चाहिए। महाविद्यालय के ट्रेसरार डॉ. दीपक शर्मा ने ग्रेजुएट हुए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की सीओओ डॉ. मोनिशा शर्मा ने सेवा भावना को प्राथमिकता देने की बात कहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वीणा राजपूत ने महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया।

## बीएसपी से नहीं मिल रहे आर्डर, बाहर की बड़ी कंपनियों की मोनोपली

### कागजी साबित हो रही केंद्र व शासन की योजनाएं

# उपेक्षा का दंश झेल रहे औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के सहायक और मध्यम उद्योगों को चौतरफा उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। कई उद्योग आर्डर सहित तमाम तरह की सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। इस मामले में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, शासन व बीएसपी उदासीन बने हुए हैं। उद्यमियों को अब नई सरकार से नई उम्मीद बंधी है।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र में छोटे बड़े करीब तीन सौ उद्योग संचालित हैं। लेकिन सुविधाओं को अभाव में अधिकतर बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। इससे उद्यमियों के साथ मजदूरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उद्यमियों के लगातार मांग के बाद भी उद्योगों को अपेक्षा के अनुरुप बीएसपी से न आर्डर मिल रहा है और न ही उद्योग विभाग व शासन से मुकम्मल सुविधाएं ही मिल रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं के तहत भी लाभान्वित होने के लिए पसीना छूट रहा है। स्टार्टअप जैसी योजनाएं कागज पर तो लोकलुभावन लगती हैं लेकिन जब इनका लाभ उठाने काउंटर दर काउंटर चक्कर लगाते हैं तो वास्तविकता पता चलती है। सेल बीएसपी द्वारा मिलने वाले आर्डर इंक्वायरी में पिछले पंद्रह बीस साल में भारी गिरावट आई है।

कुल आर्डर के आधे से अधिक पर बाहर की बड़ी कंपनियों की मोनोपली है। प्रबंधन द्वारा निर्धारित कई तरह के क्राइटेरिया सहायक उद्योगों पर भारी पड़ रहे हैं। आर्डर नहीं मिलने से अनेक उद्योग बंद हो चुके हैं वहीं अनेक बंद होने की कगार पर हैं। कुछ उद्योग ही लाभान्वित हो रहे हैं वहीं कुछ एडजस्ट कर रहे हैं।

### मजदूरों को परेशानी

लुघ और सहायक उद्योग आर्डर के अभाव में जहां उत्पादन की समस्या से गुजर रहे हैं वहीं विलंब से मिलने से समय पर सप्लाई भी नहीं कर पा रहे हैं। घाटे के चलते कई उद्यमियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगों के मजदूर भी अनियमित वेतन, बोनस व अन्य निर्धारित भत्तों आदि की समस्या से जूझ रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि सालों से औद्योगिक क्षेत्र में किसी मजबूत श्रमिक संगठन नही होने के कारण उनके हितों में बात करने वाला कोई नहीं है।

### बैंक व टैक्स से परेशान

बदहाली के दौर से गुजर रहे औद्योगिक क्षेत्र के अधिकतर उद्योगों को कई तरह की अन्य समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। बैंकों के बढ़ते कर्ज, कई तरह के टैक्स और ट्रांसपोर्टिंग आदि समस्याएं बढ़ रही हैं। उद्योग का संचालन ठीक से नहीं कर पाने की समस्या के दौरान मूलधन से अधिक ब्याज बढ़ रहा है। कई उद्यमियों ने अपने ट्रेड बदल दिए हैं। इसके चलते भी बैंकों के तकादे बढ़ रहे हैं। वहीं कई उद्योगों ने अपने उद्योग भाड़े पर भी दे रखे हैं। लिहाजा उद्योग विभाग का भी शिकंजा कस रहा है।

## आवास लायसेंस योजना का हो विस्तार, हाउसलीज समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक सेक्टर 2 में हुई। सदस्यों ने धरने के माध्यम से प्रबंधन को सौंपे ज्ञापन बाद इस संबंध में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात की ।

■ विधायक देवेंद्र व ललित से समिति सदस्य मिले

विधायक चंद्राकर को बताया कि रुआबाँधा व मरोड़ा सेक्टर के मतदाता जो संयंत्र के कार्मिक एवं पूर्व कार्मिक हैं, वह बीएसपी की आवास लाइसेंस योजना की विस्तारीकरण का इंतजार कर रहे हैं। प्रबंधन योजना को दबाव वश लागू नहीं कर रही है। दुर्गापुर में उक्त योजना काफी पहले लागू की जा चुकी है। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें बीएसपी की अन्य समस्याओं से यथा सुरक्षा शिक्षा स्वास्थ्य के संबंध में अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल से उन्होंने सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में कमल वर्मा, टीकम वर्मा, पीआर वर्मा, पीसी शर्मा व राजेंद्र परगनिहा व मुकेश बेलचंदन उपस्थित थे।







## एनसीक्यूसी के क्वालिटी महाकुंभ की तैयारी शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं क्वालिटी गुरु डीके श्रीवास्तव ने क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा 4 से 7 जनवरी, के मध्य नेशनल कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कन्सेप्टस राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन की तैयारी की समीक्षा की। आयोजन में क्यूसीएफआई भिलाई चेप्टर को हाल मैनेजमेंट व फूड मैनेजमेंट की भागीदारी मिली है। डी के श्रीवास्तव के नेतृत्व मे रामदेवबाबा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, नागपुर में आयोजित होने वाले क्वालिटी कन्सेप्टस के इस महाकुम्भ मे देशभर के 650 से अधिक संस्थान के 2200 से अधिक क्वालिटी कन्सेप्टस टीमे तथा 12,000 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। ईडी

■ क्वालिटी गुरु डीके श्रीवास्तव ने तैयारियों का किया शुभारंभ

श्रीवास्तव ने बताया की एनसीक्यूसी की मेजबानी क्यूसीएफआई, नागपुर चैप्टर को सौंपी गई है। जिसमे क्यूसीएफआई के 33 चैप्टर्स आपना योगदान देंगे।

समीक्षा बैठक मे क्यूसीएफआई हेड क्वार्टर से ईडी डी श्रीवास्तव, एडिशनल डायरेक्टर वी के बी दास, सीनियर फैकल्टी आर श्रीनिवासन, नागपुर चैप्टर के सचिव श विवेक श्रोति, काउंसिल मेंबर विवेक जोशी, कॉलेज के डीन डॉक्टर राजीव खैरे, भिलाई चैप्टर के पीआरओ सत्यवान नायक एवं कोषाध्यक्ष वीके चौधरी,नागपुर चैप्टर के अभय गिरोड़े, प्रवीण,निशान राव, संजय नथवानी तथा पंकज गुप्ता उपस्थित थे।

